प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 08:50 बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नागरिक अलंकरण समारोह के दौरान कई प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने वर्ष–2024 के लिए 3 पद्म विभूषण, 8 पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में, भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ पद्मा सुब्रह्मण्यम को कला के क्षेत्र में और बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत सामाजिक कार्य के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

बरामदगी

हिमाचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव और उप–चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस और अन्य विभागों द्वारा अब तक आठ करोड़ चालीस लाख रुपये की अवैध शराब, नकदी व आभूषण जब्त किए गए हैं। निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य आबकारी व कराधान और पुलिस विभाग ने 5 करोड़ 80 लाख रुपये मूल्य की शराब जब्त की है। इस दौरान पुलिस विभाग ने अब तक 37 किलो चरस, डेढ़ किलो हेरोइन और 25 लाख रुपये की नकदी व लगभग साढ़े तीन लाख के सोने व चांदी के आभूषण भी जब्त किये हैं। आचार सहिंता के चलते इन दिनों प्रदेश की सीमाओं सहित विभिन्न स्थानों पर चौकसी बढ़ा दी गयी है और सुरक्षा जांच जारी है।

हाईकोर्ट

प्रदेश हाईकोर्ट में मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कल से बहस शुरू हुई है जो आज भी जारी रहेगी। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश बीसी नेगी की खंडपीठ के समक्ष बहस हुई। दोनों पक्षों की विस्तृत बहस सुनने के लिए इस मामले में तीन दिनों तक रोजाना आधार पर सुनवाई रखी गयी है। उल्लेखनीय है कि अदालत ने मामले में अंतरिम आदेश में सभी मुख्य संसदीय सचिवों को मंत्रियों वाली सुविधाएं लेने और मंत्रियों वाले कार्य करने पर रोक लगा रखी है।

धरना

चंबा जिला के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कथित भ्रष्टाचार के मामलों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जिला आर.टी.आई. कार्यकर्ता संघ ने कल से उपायुक्त चंबा के कार्यालय के बाहर धरना शुरू किया।

इस मौके पर आर.टी.आई कार्यकर्ता प्यार मोहम्मद ने कहा कि जिले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के मामले आर.टी.आई कार्यकर्ताओं ने उजागर किए हैं। इन मामलों पर उपायुक्त ने संज्ञान भी लिया लेकिन संबंधित विभाग दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

<u>एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....</u>

आज समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस व भाजपा नेताओं के बयानों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है—विधायकों को चुराने वालों को जनता देगी चुनाव में जवाब। जबकि दैनिक जागरण का शीर्षक है—सुधीर व राणा का तबादलों पर था ध्यान। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं—बागी तो पार्टी के अंदर वाले लोग होते हैं, वो तो बिके हुए विधायक हैं। दैनिक सवेरा टाइम्स ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के बयान को सुर्खी दी है—कांग्रेस ने बाबा साहेब को प्रताड़ित, अपमानित किया, उन्हें राजनीतिक रूप से खत्म किया।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है—कांग्रेस के सर्वे में मुकेश अग्निहोत्री और आरएस बाली टॉपर—अनुराग ठाकुर से मुकाबले के लिए उपमुख्यमंत्री की पैरवी, कांगड़ा में पूर्व मंत्री बाली का बेटा पहली पसंद। इसी समाचार पत्र के मुताबिक—पद्मश्री से नवाजे गए शिमला के सोमदत बट्टू। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है—कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक के लिए दिल्ली जाएंगे सीएम।

पालमपुर की घायल युवती के उपचार पर पंजाब केसरी और आपका फैसला ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है—पीड़िता के स्वास्थ्य लाभ का सारा खर्च सरकार वहन करेगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हिमाचल दौरे पर दिव्य हिमाचल का शीर्षक है—इस बार डोर्नियर प्लेन में हिमाचल आएंगी राष्ट्रपति। अमर उजाला के शब्द हैं—राष्ट्रपति मुर्मू का चार से आठ मई तक होगा हिमाचल का दौरा। दैनिक भास्कर के अनुसार—पांच मई को छराबड़ा में करेंगी आराम, छह मई को धर्मशाला जाएंगी राष्ट्रपति।

सीपीएस मामले में अमर उजाला की सुर्खी है—सीपीएस नियुक्तियों को चुनौती देने के मामले में सुनवाई शुरू। पंजाब केसरी के शब्द हैं—हाईकोर्ट में सीपीएस की नियुक्तियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चल रही सुनवाई आज भी जारी रहेगी। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है—हाईकोर्ट में मामले पर दैनिक आधार पर हो रही बहस। मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है—येलो अलर्ट के बीच हिमाचल में खिली रही धूप, तापमान में भी एक डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की। आपका फैसला के मुताबिक—हिमाचल के कई भागों में 28 तक खराब बना रहेगा मौसम।